**136** **329(FH)**

# 2024
# अर्थशास्त्र
## (Economics)

**मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8** **पूर्णांक : 100**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न संख्या 11 से 18 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या 19 से 24 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 25 से 27 तक विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Numbers 1 to 10 are Multiple Choice Type, for which only correct answer should be written in the answer-book. Question Numbers 11 to 18 are Very Short Answer Type, which are to be answered in about 50 words each, Question Numbers 19 to 24 are Short Answer Type, which are to be answered in about 150 words each and Question Numbers 25 to 27 are Long Answer Type, which are to be answered in about 300 words each.

(iii) Allotted marks of all the questions are given against them.

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :**

1. यदि कुल उपयोगिता अधिकतम हो, तो सीमांत उपयोगिता होगी : **1**

(अ) अधिक

(ब) कम

(स) शून्य

(द) ऋणात्मक

2. मांग की कीमत लोच का क्या अभिप्राय है ? **1**

(अ) कीमत में परिवर्तन के कारण मांग में परिवर्तन

(ब) मांग में परिवर्तन

(स) वास्तविक आय में परिवर्तन

(द) कीमत में परिवर्तन

3. उपभोक्ता की संस्थिति हेतु सही शर्त क्या है ? **1**

(अ) $MRS_{XY} = \frac{P_Y}{P_X}$

(ब) $MRS_{XY} = \frac{P_X}{P_Y}$

(स) $MRS_{XY} = P_X.P_Y$

(द) $MRS_{XY} = \frac{1}{P_X.P_Y}$

4. उत्पादन फलन किसके मध्य संबंध को व्यक्त करता है ? **1**

(अ) लागत एवं लाभ

(ब) स्टाक एवं प्रवाह

(स) मांग एवं पूर्ति

(द) आगत एवं निर्गत

5. मांग का संकुचन होता है, जब : **1**

(अ) उपभोक्ताओं की आय कम हो जाती है

(ब) संबंधित वस्तु की कीमत बढ़ जाती है

(स) उपभोक्ताओं की संख्या कम हो जाती है

(द) अन्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाती हैं

6. राष्ट्रीय आय गणना की तीन विधियाँ हैं : **1**

(अ) उत्पादन, व्यय तथा आय विधि

(ब) भुगतान अवशेष, आय तथा उपभोग विधि

(स) बचत, विनियोग तथा आय विधि

(द) व्यय, ह्रास तथा उत्पाद विधि

7. भारत के बैंकिंग और मौद्रिक संरचना को कौन-सा बैंक नियन्त्रित करता है ? **1**

(अ) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

(ब) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया

(स) पंजाब नेशनल बैंक

(द) एक्सिस बैंक

8. जब सरकार अपनी राजस्व आय से अधिक खर्च करती है तब इस आधिक्य को कहते हैं : **1**

(अ) प्राथमिक घाटा

(ब) राजकोषीय घाटा

(स) बजट घाटा

(द) राजस्व घाटा

9. यदि उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति का मान 0.75 हो तो निवेश गुणक का मान होगा : **1**

(अ) 4

(ब) 3

(स) 2

(द) 1

10. देश के भुगतान संतुलन के घाटे को ठीक करने के लिए आवश्यकता है, वह है : **1**

(अ) अपने निर्यातों में वृद्धि

(ब) अपने आयातों में कमी

(स) अपने मुद्रा का अवमूल्पन

(द) इनमें से सभी

## (Multiple Choice Type Questions)

**Write the correct answers of the following questions in your answer-book :**

1. If total utility is maximum, marginal utility will be : **1**

   (a) High
   (b) Low
   (c) Zero
   (d) Negative

2. What is the meaning of Price Elasticity of Demand ? **1**

   (a) Change in demand due to change in price
   (b) Change in demand
   (c) Change in real income
   (d) Change in price

3. What is the true condition for consumer's equilibrium ? **1**

   (a) $MRS_{XY} = \frac{P_Y}{P_X}$
   (b) $MRS_{XY} = \frac{P_X}{P_Y}$
   (c) $MRS_{XY} = P_X.P_Y$
   (d) $MRS_{XY} = \frac{1}{P_X.P_Y}$

4. A production function expresses the relationship between : **1**

   (a) Cost and Benefit
   (b) Stock and Flow
   (c) Demand and Supply
   (d) Input and Output

5. Contraction of demand takes place when : **1**

   (a) Income of consumers decreases
   (b) Price of goods concerned increases
   (c) Number of consumers decreases

(d) Price of other related goods increases

6. Three methods of computing National Income are : **1**

(a) Production, Expenditure and Income methods

(b) Balance of Payments, Income and Consumption methods

(c) Saving, Investment and Income methods

(d) Outlay, Depreciation and Production methods

7. Which Bank controls the banking and monetary structure of India ? **1**

(a) State Bank of India

(b) Reserve Bank of India

(c) Punjab National Bank

(d) Axis Bank

8. When Government spends more than its revenue collection, such excess is known as : **1**

(a) Primary deficit

(b) Fiscal deficit

(c) Budgetary deficit

(d) Revenue deficit

9. If the marginal propensity to consume is 0.75, the value of the investment multiplier would be : **1**

(a) 4

(b) 3

(c) 2

(d) 1

10. To reduce deficit in the balance of payments of a country, what requirement(s) is/are needed ? **1**

(a) Increase its exports

(b) Decrease its imports

(c) Devaluate its currency

(d) All of these

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Very Short Answer Type Questions)

11. व्यष्टि अर्थशास्त्र से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by Micro-Economics?* **3**

12. आदर्शक अर्थशास्त्र क्या है ? **3**

*What is Normative Economics?* **3**

13. ह्रासमान उपयोगिता नियम क्या है ? **3**

*What is the law of diminishing utility?* **3**

14. बाजार मांग वक्र क्या है ? **3**

*What is market demand curve?* **3**

15. साधन लागत पर राष्ट्रीय आय को परिभाषित कीजिए। **3**

*Define National Income at factor cost.* **3**

16. राजस्व घाटा से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by Revenue Deficit?* **3**

17. अनैच्छिक बेरोजगारी क्या है ? **3**

*What is involuntary unemployment?* **3**

18. सरकारी बजट क्या है ? **3**

*What is Government budget?* **3**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Short Answer Type Questions)

19. उपयोगिता के संख्यात्मक तथा क्रमवाचक मापों में भेद कीजिए। **3+3**

*Differentiate between cardinal and ordinal measurements of utility.* **3+3**

20. स्थानापन्न वस्तु और पूरक वस्तु से आप क्या समझते हैं ? **3+3**

*What do you understand by substitute goods and complementary goods?* **3+3**

21. परिवर्तनीय अनुपात के नियम से आप क्या समझते हैं ? **6**

*What do you understand by law of variable proportion?* **6**

22. स्थिर विनिमय दर की व्याख्या कीजिए। **6**

*Explain fixed exchange rate.* **6**

23. चालू खाता एवं पूँजी खाता से आप क्या समझते हैं ? **6**

*What do you understand by Current Account and Capital Account?* **6**

24. प्रत्याशित निवेश क्या है ? **6**

*What is the ex-ante investment?* **6**

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)
## (Long Answer Type Questions)

25. सम-सीमांत उपयोगिता नियम क्या है ? उपभोक्ता संतुलन के सम-सीमांत नियम की व्याख्या कीजिए। **4+6**

**अथवा / OR**

समोत्पाद वक्र क्या है ? समोत्पाद वक्रों का प्रयोग कर उत्पादक की संस्थिति प्रदर्शित कीजिए। **4+6**

*What is the law of equimarginal utility? Explain the law of equimarginal utility of consumer equilibrium.*

*OR*

*What is an isoquant curve ? Use isoquant curves to demonstrate producer's equilibrium.*

26. लागत से आप क्या समझते हैं ? कुल लागत, औसत लागत एवं सीमांत लागत को चित्र द्वारा समझाइये। **4+2+2+2**

**अथवा / OR**

साख-सृजन से आप क्या समझते हैं ? साख-नियंत्रण के विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए। **4+6**

*What do you understand by cost ? Define Total Cost, Average Cost and Marginal Cost with diagram.*

*OR*

*What do you mean by credit-creation ? Explain the various measures of credit control.*

27. राष्ट्रीय आय एवं आर्थिक कल्याण के मध्य संबंध की विवेचना कीजिए। **10**

**अथवा / OR**

व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **10**

*Discuss the relationship between National Income and Economic Welfare.*

*OR*

*Clarify the difference between Micro- and Macro-Economics.*